उपरोक्त पदों में से तृतीय श्रेणी के अन्तर्गत क्रमांक 7 से 10 तक 2 सुपरवायजर, 2 आर्गनायजर, 2 आपरेटर, 2 ड्राइवर के पद तथा चतुर्थ श्रेणी 2 क्लिनर के पद पुराने मध्यभारत राज्य के हैं लाइट सिने वाहन क्रमांक एम. पी. जेड 1133 तथा ग्रंथालय वाहन एम. पी. जेड. 1118 से संबंधित है। ये पद यद्यपि दृश्य-श्रव्य इकाई के रचनाक्रम में सम्मिलित किये गये हैं परन्तु दोनों वाहन तथा उन पर कार्यरत उपरोक्त कर्मचारी अभी संभागीय शिक्षा अधीक्षक ग्वालियर संभाग के अंतर्गत ग्वालियर में ही कार्यरत हैं। इन्हें ग्वालियर से भोपाल स्थानान्तर करने के लिये कार्यवाही की जा रही है।

शेष पदों में से केवल 1 सहायक संचालक, 5 अनुदेशक, 2 एड्स, 1 कारपेन्टर, 1 निम्न श्रेणी लिपिक तथा एक भृत्य इस समय दृश्य-श्रव्य शिक्षा कक्ष में कार्यरत है तथा इन्ही अल्प संख्य कार्यकर्ता की सहायता से राज्य में दृश्य-श्रव्य शिक्षा प्रसार का बहुमुखी महत्वपूर्ण एवं गुरुतर कार्य सम्पादन किया जा रहा है।

दृश्य-श्रव्य शिक्षा के क्षेत्र में इतने बड़े राज्य की आवश्यकता की पूर्ति इतने अल्प कार्यकर्ताओं द्वारा किया जाना यद्यपि सम्भव नहीं है फिर भी वर्तमान उपलब्ध सुविधाओं, परिस्थितियों एवं बजट प्रावधान के अनुरूप इसका प्रसार राज्य के अधिक से अधिक क्षेत्र में किये जाने के सतत् प्रयत्न किये जा रहे हैं।

वर्ष 1974-75 में इस कक्ष द्वारा सम्पन्न किये गये कुछ महत्वपूर्ण कार्य :-

(1) **दृश्य-श्रव्य प्रशिक्षण कार्यक्रम :**

राज्य की निम्नलिखित संस्थाओं में 8 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर 427 अध्यापकों को अपने विषयों से संबंधित ग्राफिक एवं फोटोग्रफिक सहायक शिक्षण सामग्री का निर्माण करना, उपकरण संचालन करना तथा इन दृश्य-श्रव्य सामग्रियों का सही एवं सफल उपयोग करने पर प्रशिक्षण प्रदान किया।

क्रमांक	संस्था का नाम	तिथियां	प्रशिक्षणार्थी अध्यापकों की संख्या
1	शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, खण्डवा	29-8-74 से 7-9-74 तक	139
2	शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रायपुर	3-11-74 से 7-11-74 तक	142
3	शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रीवा	18-12-74 से 24-12-74 तक	145
		कुल योग ..	427

(2) **शिक्षा संस्थाओं को शाला उपयोगी फिल्मों का प्रदाय एवं प्रदर्शन :-**

		फिल्मों की संख्या
1	राज्य को विभिन्न शिक्षा संस्थाओं को शालाओं में प्रदर्शन के लिये उधार दी गई फिल्में।	185
2	भोपाल की शालाओं तथा अन्य संस्थानों में फिल्म प्रदर्शन।	63

(3) **उपकरण सुधार कार्य :**

1974-75 में शिक्षा संस्थाओं के निम्नलिखित उपकरणों को सुधारा गया :

	विवरण	संख्या
1	16 मि. मी. फिल्म प्रोजेक्टर	3
2	टेपरिकार्डर	6
3	एम्पलीफायर	4
4	पंखे	14
5	कूलर	2
6	माइक्रोफोन	1

टीप:- दृश्य-श्रव्य कक्ष एवं शैक्षणिक प्रौद्योगिकी प्रकोष्ट के उपकरणों में उनके उपयोग के कारण जो खराबी आती है उन्हें भी इस कर्मशाला में सुधारा जाता है।

अध्याय--6

विकलांगों की शिक्षा

1.	संस्थाएं	8
2.	छात्र संख्या---	
	बालक	294
	बालिका	185
	योग	479
3.	शिक्षक संख्या--	
	पुरुष	41
	महिला	13
	योग	54
4.	विकलांगों की शिक्षा पर व्यय--	
	शिक्षकों का वेतन	1,75,587
	अन्य कर्मचारियों का वेतन	74,972
	उपकरण तथा अन्य प्रसाधन	25,920
	अन्य	58,419
	योग	3,34,898
	शासकीय मद से व्यय	2,36,200

खण्ड – 3

प्रशिक्षण

अध्याय--- 1

उच्च स्तरीय प्रशिक्षण

राज्य में उच्च स्तरीय प्रशिक्षण की व्यवस्था निम्न संस्थाओं में की गई है:--

(1) राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद

(2) राज्य शिक्षक प्रशिक्षण मंडल

(3) राज्य स्तरीय संस्थान

(4) शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर, खण्डवा, बिलासपुर, उज्जैन एवं रीवा।

राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद:--

यह परिषद राज्य के विभिन्न शिक्षा महाविद्यालयों एवं राज्यस्तरीय अन्य संस्थानों में अनुसंधान प्रायोजनाओं को संगठित और समन्वित करने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यवाहियां करती है।

जबलपुर में 15 जुलाई 1974 को परिषद की एक सभा हुई जिसमें परिषद के अध्यक्ष, संचालक लोक शिक्षण के अतिरिक्त परिषद के सचिव, संचालक राज्य शिक्षा संस्थान एवं सदस्यों में संचालक, मनोविज्ञान एवं दर्शन महाविद्यालय तथा संचालक, आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान उपस्थित हुए। इस सभा में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी के अधिकारियों, उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय के व्याख्याताओं एवं बुनियादी प्रशिक्षण संस्था के शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण के संबंध में विचार विनिमय हुआ। साथ ही एम. एड. के शोध-निबन्धों में समन्वय, शोध-संक्षेपिकाओं का परीक्षण तथा राज्य शैक्षणिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एस. सी. ई. आर. टी.) और एस. बी. टी. ई. के कार्यों के स्पष्ट करने के उपायों पर विचार किया गया। इस हेतु उप समितियों का गठन किया गया तथा उनके अलग-अलग वर्कशाप आयोजित किये गये। इस परिषद को कक्षा 1 से 8 तक की हिन्दी एवं सामाजिक अध्ययन की पाठ्य पुस्तकों के क्षेत्र परीक्षण का दायित्व सौपा गया, जिससे इन पुस्तकों में संशोधन करके इन्हें अधिक उपयोगी बनाया जा सके। यह कार्य आगामी सत्र से प्रारंभ करने का निर्णय किया गया।

राज्य शिक्षक प्रशिक्षण मंडल--

शिक्षक आयोग (सन् 64-66) के प्रतिवेदन में की गई अनुशंसा के अनुसार प्रशिक्षण संस्थाओं का गुणात्मक सुधार के कार्यक्रमों के समुन्नत करने, शोध सेवाकालीन योजनाओं, शिक्षा विस्तार आदि के द्वारा प्रशिक्षण के स्वरूप को अधिक सक्षम बनाने के लिये राज्य प्रशिक्षण मंडल की स्थापना 1967 में की गई। प्रशिक्षण के साथ-साथ शिक्षा के सभी स्तरों के गुणात्मक सुधार की योजनाएं बनाना तथा क्रियान्वयन के सुझाव देने हेतु राज्य स्तरीय शिक्षा समिति के रूप में कार्य करना इसका लक्ष्य है।

गठन--

मंडल में 14 सदस्य हैं। संचालक लोक शिक्षण इसके पदेन अध्यक्ष हैं। 14 सदस्यों में से निम्नलिखित 8 विश्वविद्यालयों शिक्षा संकाय के अध्यक्ष हैं:--

1. जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर
2. इन्दौर विश्वविद्यालय, इन्दौर

3. विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन
4. भोपाल विश्वविद्यालय, भोपाल
5. जबलपुर विश्वविद्यालय, जबलपुर
6. रविशंकर विश्वविद्यालय, रायपुर
7. सागर विश्वविद्यालय, सागर
8. अवधेश प्रतापसिंह विश्वविद्यालय, रीवा

दो प्राध्यापक स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय के तथा 4 प्राचार्य बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं के संचालक लोक शिक्षण द्वारा मनोनीत सदस्य हैं ।

कार्य एवं कार्यक्षेत्र—

1. एम. एड., बी. एड., डिप. टी., बी. टी. आई. तथा रिफ्रेशर कोर्स संचालित करनेवाली प्रशिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रमों में सुधार के सुझाव देना ।
2. प्रशिक्षण संस्थाओं में सामयिक निरीक्षण हेतु 3 सदस्यों के विशिष्ठ निरीक्षक दल योजना ।
3. शिक्षक प्रशिक्षण की सामान्य समस्याओं पर चर्चायें करना तथा उनके निराकरणार्थ सुझाव देना ।
4. शिक्षक प्रशिक्षण के स्तरोन्नयन की दृष्टि मे प्रशिक्षण संस्थाओं के लिये सामान्य कार्यक्रमों की योजना बनाना तथा क्रियान्वित की अनुशंसा करना ।
5. अनुसंधान तथा शोध के लिये समस्यायें सुझाना ।
6. विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण संस्थाओं के कार्य में समन्वय करना ।
7. विभिन्न स्तरों को शिक्षा के गुणात्मक सुधार के सुझाव देना ।

इसका कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण मध्यप्रदेश है एवं वर्ष में कम से कम एक बार बैठक होना आवश्यक है ।

राज्य शिक्षा संस्थान, भोपाल :

विद्यालयीन शिक्षा में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से दिसम्बर 1973 में राज्य शिक्षा संस्थान की स्थापना हुई । विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से संस्थान इस उद्देश्य की पूर्ति का प्रयास करता आ रहा है । इसका काम निम्न लिखित विभागों द्वारा सम्पादित होता है:—

1. अधिकारी वर्ग प्रशिक्षण विभाग
2. आदर्श विद्यालय विभाग
3. ग्रामीण छात्रवृति विभाग
4. पाठ्य पुस्तक स्थायी समिति
5. विज्ञान इकाई एवं यूनिसेफ
6. एम. एड. शिक्षण
7. विस्तार केन्द्र
8. राज्य शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एस.सी.ई.आर.टी.)

विभिन्न विभागों के कार्य विवरण संक्षेप में अधोलिखित है:–

(1) **सेवाकालीन प्रशिक्षण विभाग:––**

(अ) दिनांक 4 एवं 5 फरवरी 1973 को शैक्षणिक अधिकारियों का सम्मेलन सांची में आयोजित किया गया, जिसमें शिक्षकों एवं अधिकारियों के प्रशिक्षण को अधिक उपयोगी बनाने हेतु विभिन्न उपायों पर विचार किया गया ।

(ब) सन्दर्भित वर्षान्त तक 372 अधिकारियों को 17 समूहों में एक-एक मास का प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें 492 उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य, 28 बुनियादी प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्य एवं 40 जिला शिक्षा अधिकारी है ।

संस्थान के संयोजन में निम्नांकित अन्य प्रशिक्षण आयोजित किये गये:––

(क) शिक्षा महाविद्यालयों में सहायक शाला निरीक्षकों को 15 दिन का प्रशिक्षण, सत्र में प्रशिक्षितों की संख्या 150.

(ख) बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं में 285 माध्यमिक शालाओं के प्रधानाध्यापकों का प्रशिक्षण,

(ग) मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय जबलपुर में 7 अगस्त से 10 अगस्त 75 तक शाला संदर्शकों एवं

(घ) 11 सितम्बर से 12 सितम्बर 75 तक उ.मा.वि. के 11 प्राचार्यों का प्रशिक्षण ।

(2) **आदर्श विद्यालय विभाग:––**

(क) शासन द्वारा चयन किये गये 120 आदर्श विद्यालयों में गुणात्मक विकास के उद्देश्य से संस्थान द्वारा 36 प्रायोजनाओं की सूची कार्यान्वयन हेतु इन शालाओं को भेजी गई ।

(ख) निरीक्षण:–संस्थान के अधिकारियों के द्वारा इस वर्ष 13 शालाओं का निरीक्षण किया गया। वर्ष 1974-75 के अन्त तक निरीक्षित शालाओं की संख्या 80 है । आदर्श विद्यालय एवं अन्य विद्यालयों के वर्ष 1974 के परीक्षा परिणामों का तुलनात्मक अध्ययन किया गया । ज्ञात हुआ कि आदर्श विद्यालय के परिणाम का प्रतिशत इतर विद्यालयों से अच्छा है। छात्रवृत्ति धारियों एवं अन्य छात्रों के परीक्षाफल का तुलनात्मक अध्ययन किया गया। ज्ञात हुआ कि छात्रवृत्ति धारियों का परीक्षाफल 91.5 जबकि अन्य विद्यालयों के छात्रों का 49.5 प्रतिशत है ।

(3) **ग्रामीण प्रतिभावन छात्रवृत्ति विभाग :**

ग्रामीण प्रतिभा को विकसित करने के उद्देश्य से राज्य के समस्त 457 विकास खण्डों में से प्रत्येक के दस हजार से कम जनसंख्या वाले क्षेत्रों के दो छात्र-छात्राओं को योग्यता के आधार पर कक्षा 9, 10, 11 में अध्ययन हेतु छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। छात्रावास में रहने वालों को 100 रु. एवं बाहर रहने वालों को 50 रु. के हिसाब से छात्रवृत्ति दी जाती है ।

वर्ष 1974 में 5749 छात्र परीक्षा में सम्मिलित हुए, जिनमें 728 को छात्रवृत्ति की पात्रता प्राप्त हुई। इनमें से केवल 572 छात्रों ने छात्रवृत्ति का लाभ उठाया, किन्तु शासन द्वारा धन की स्वीकृति न मिलने के कारण उनको इस वर्ष छात्रवृत्ति नहीं दी जा सकी। केवल कक्षा 10 एवं 11 के छात्रों को 963500 रु. वितरित किये गये। स्वीकृति प्राप्त होने पर सन् 1974–75 के कक्षा 9 के छात्रों को सत्र 1975–76 (माह सितम्बर 1975) में छात्रवृत्ति रु. 509300 वितरित की गयी ।

(4) **पाठ्य पुस्तक विभाग:--**

इस विभाग के अन्तर्गत कक्षा 1 से 8 तक की हिन्दी, कक्षा 6 से 8 तक सामाजिक अध्ययन, कक्षा 3 से 5 तक विज्ञान, कक्षा 1 से 3 तथा 6 से 8 तक गणित, कक्षा 6 से 11 तक संस्कृत, कक्षा 4 व 5 के भूगोल, कक्षा 6 से 10 तक अंग्रेजी एवं कक्षा 6 से 8 तक के जीव विज्ञान का पाठ्य पुस्तकों का मूल्यांकन किया गया ।

(5) **विज्ञान इकाई :--**

यूनिसेफ के मार्ग दर्शक कार्यक्रम के अन्तर्गत संस्थान में विज्ञान शिक्षण संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन होता है । इस वर्ष निम्नलिखित मुख्य कार्य किये गये:--

(क) 25 जून 74 को प्राथमिक शाला-विज्ञान प्रशिक्षण पुनर्गठन कार्यक्रम के स्त्रोत व्यक्तियों को जीव-विज्ञान के किट प्रदर्शित किये गये ।

(ख) विज्ञान शिक्षकों की एक संगोष्ठी 4 सितम्बर से 7 सितम्बर 74 तक आयोजित की गई, जिसमें भोपाल के माध्यमिक शालाओं के 32 शिक्षकों ने भाग लिया, जिनको नवीन गणित, भौतिक शास्त्र एवं जीव-विज्ञान का शिक्षण दिया गया ।

(ग) प्राथमिक विज्ञान-शिक्षक-प्रायोजना के अन्तर्गत दिनांक 24 सितम्बर से 28 सितम्बर 74 तक एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें राजगढ़ जिले के 30 शिक्षकों ने भाग लिया ।

(घ) कक्षा 9 से 11 तक के विज्ञान एवं गणित के पाठ्यक्रम को विभाजित करने हेतु 9 सितम्बर 14 सितम्बर 74 तक कर्मशाला का आयोजन किया गया ।

(ङ) माध्यमिक कक्षाओं के विज्ञान एवं गणित के पाठ्यक्रमों के विभाजन का कार्य पूरा किया गया

(च) विज्ञान किट की पुस्तिका में दिये गये प्रयोगों का संस्थान में परीक्षण किया गया ।

(छ) 6 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 74 तक स्वनिर्मित विज्ञान उपकरणों हेतु कर्मशाला का आयोजन किया गया ।

(ज) औपचारिकेतर शिक्षा हेतु पाठ्यक्रम तैयार किये गये ।

(झ) विज्ञान शिक्षण सम्बन्धी 5 फिल्म स्ट्रिपों के लिये विषयों का चयन करके पूर्ण विवरण तैयार किया गया एवं शिक्षा संचालक को भेजा गया ।

(ञ) पाइलट प्रोजेक्ट के 14 विद्यालयों का निरीक्षण किया गया ।

(ट) 5 जनवरी से 9 जनवरी 75 तक स्वनिर्मित विज्ञान उपकरणों की प्रदर्शिनी आयोजित की गयी एवं उपकरणों की पुस्तिका तैयार की गयी ।

(ठ) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद (एन.सी.ई.आर.टी.) तथा राष्ट्रीय विज्ञान शिक्षा खोज के अभिरुचि परीक्षण सम्बन्धी पत्रों का परीक्षण किया गया ।

(6) **एम. एड.** :- रा. शै. अनु. प्रशि. परिषद् के तत्वावधान में देश के विश्वविद्यालयों के शिक्षा संकाय के डीनों (अधिष्ठाताओं) का राष्ट्रीय सम्मेलन दिनांक 8 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 74 तक संस्थान के प्रांगण में आयोजित किया गया । सम्मेलन में एम. एड. के पाठ्यक्रम में आवश्यक संशोधनों पर विचार विमर्श हुआ ।

(7) **विस्तार केन्द्र** :– इस विभाग के अन्तर्गत गुणात्मक विकास हेतु 50 प्राथमिक शालाओं को मार्ग दर्शन दिया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत इस वर्ष 24 सितम्बर से 28 सितम्बर 74 तक विज्ञान शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया गया । भोपाल इन्दौर आकाशवाणी से प्रसारण होने वाले रेडियो कार्यक्रमों की 500 प्रतियां शालाओं को भेजी गयी । प्राथमिक शालाओ के समस्त मुख्य विषयों के पाठ्यक्रम विभाजन का कार्य पूर्ण किया गया । 32शिक्षकों को अक्टूबर 74 में गणित शिक्षण का प्रशिक्षण दिया गया ।

जिला शिक्षा अधिकारियों एवं सहायक जिला शाला निरीक्षकों की एक सभा दिनांक 18 एवं 19 नवम्बर, 74 को पाठ्यक्रम विभाजन एवं सतत मूल्यांकन पर विचार– विमर्श हेतु आयोजित हुई । प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के 45 शिक्षकों ने दिनांक 21नवम्बर से 28 नवम्बर 74 तक कक्षा 1 से 8 तक के समस्त मुख्य विषयों के इकाई–योजना का कार्य पूरा किया ।

टी. टी. नगर एवं हेवी ऐलेक्ट्रिकल्स स्थित प्राथमिक शालाओं के 56 प्राधानाध्यापकों का एक सम्मेलन 27 नवम्बर 74 को आयोजित किया गया । दूसरा सम्मेलन भोपाल स्थित 5 माध्यमिक शालाओ एवं बैरागढ़ स्थित प्राथमिक शालाओं के 59 प्राधानाध्यापकों का दिनांक 28 नवम्बर 74 एवं 3 दिसम्बर 74 को आयोजित हुआ । सम्मेलन में सतत मूल्यांकन, विकास प्रायोजनाओं एवं गुणात्मक विकास पर विचार किया गया । सम्मेलन में इकाई योजना सम्बन्धी सामग्री वितरित की गई । अन्त में 20 शालाओं को सहायक शिक्षा सामग्री वितरित की गयी ।

अन्य :– उपर्युक्त कार्यों के अतिरिक्त संदर्भित वर्ष में संस्थान में अधोलिखित कार्य सम्पादित किये गये :–

(1) दिनांक 13 एवं 14 फरवरी 75 को उपयुक्त मानव शक्ति अनुसंधान की संभावनाओं एवं कार्यों पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें दिल्ली के शोध अधिकारी श्री. वयू. यू. खान एवं श्री एम. सी. दुबे उप-संचालक लोक शिक्षण म. प्र. के अतिरिक्त जबलपुर तथा इन्दौर संभाग के योजना अधिकारियों और सहायक जिला शाला निरीक्षकों ने भाग लिया । विभिन्न क्षेत्रों में मान शक्ति के उपयोग के संबंध में प्रारम्भिक सर्वेक्षण हेतु जबलपुर एवं इन्दौर संभागों का चयन किया गया ।

(2) राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के तत्वावधान में संस्थान में 12 जनवरी से 17 जनवरी 75 तक बुनियादी प्रशिक्षण संस्था के प्राचार्यों की संगोष्ठी का आयोजन किया गया । संगोष्ठी में इन संस्थाओं के पाठ्य क्रम में संशोधन, प्राथमिक शिक्षकों के सेवाकालीन प्रशिक्षण एवं शिक्षकों के लिए पाठ्य विवरण निर्देशिका को स्थानीय भाषाओं में तैयार करने के संबंध में विचार विमर्श किया गया । इस संगोष्ठी में बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं के 40 प्राचार्यों एवं व्याख्याताओं ने भाग लिया । इस संगोष्ठी को, म. प्र. शासन के शिक्षा सचिव, संचालक लोक शिक्षण, अतिरिक्त शिक्षा संचालक श्री दाणी, अतिरिक्त सचालक श्री चतुर्वदी एवं शिक्षा मण्डल के मूल्यांकन अधिकारी श्री दुबे का परामर्श प्राप्त हुआ । सम्मेलन का उद्घाटन भोपाल विश्व विद्यालय के कुलपति डा. रविप्रकाश द्वारा सम्पन्न हुआ ।

उपर्युक्त कार्यों के अतिरिक्त प्रत्येक बुनियादी प्रशिक्षण संस्था के निर्देशन एवं नियंत्रण मे एक-एक औपचारिकेत्तर शिक्षा केन्द्र खोलने का निर्णय लिया गया ।

राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, जबलपुर :

(1) स्नातक विज्ञान शिक्षकों के लिये स्नातकोत्तर प्रशिक्षण–संस्थान में वर्ष 1974–75 में 32 स्नातक विज्ञान शिक्षकों के लिये स्नातकोत्तर प्रशिक्षण की व्यवस्था की गई । इसमें मध्यप्रदेश के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 27 और निजी संस्थाओं के 5 विज्ञान स्नातक शिक्षकों को प्रवेश दिया गया था । इनमें––

परीक्षा में सम्मिलित छात्र	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण	प्रतिशत	
29	27	2	90.0	सफल हुए ।

(2) बी. एड. (विज्ञान) प्रशिक्षण–वर्ष 1974–75 में 42 छात्रों ने बी. एड. (विज्ञान) प्रशिक्षण प्राप्त किया। सेवापूर्ण प्रशिक्षण में उनको उन्नत विधियों से नियोजित बी. एड. (विज्ञान) के पाठ्यक्रम के अनुसार प्रशिक्षित किया गया। सत्र 1974–75 का परीक्षा फल निम्नानुसार रहा:–

परीक्षा में सम्मिलित छात्र	उत्तीर्ण	अनुत्तीर्ण	प्रतिशत
42	42	..	100

(3) विज्ञानार्न शिक्षा पुनर्गठन प्रायोजनान्तर्गत प्रशिक्षण–यह प्रशिक्षण वर्ष 1971–72 में प्रारंभ किया गया। प्रथम समूह के 10, द्वितीय समूह के 14 और तृतीय समूह के 14 जिलों के शिक्षकों के लिये पत्राचार पाठों का मुद्रण कराकर संबधित जिलों को पत्राचार पाठों का वितरण किया गया। वर्ष 1975 में केवल यह योजना चार जिलों (बस्तर, शाजापुर, बैतूल, शहडोल) में ही चालू रखी गई। इन जिलों में ग्रीष्मावकाश में सम्पन्न हुए संस्थागत प्रशिक्षण में संस्थान द्वारा पर्यवेक्षक भेजे गये। इन पर्यवेक्षकों ने शिक्षकों की मार्गदर्शन दिया।

राज्य स्तरीय विज्ञान प्रतियोगिता–वर्ष 1974–75 में राज्य विज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश के आदेशानुसार स्थगित किया गया।

विज्ञान शिक्षा में शोध—

(1) विज्ञान पाठ्यक्रमों में सुधार–विज्ञान शिक्षा में शोध करने की दृष्टि से प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के पाठ्यक्रम में आवश्यक सुधार किये गये। बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम के आधार पर विज्ञान उपकरणों की सूची तथा प्रयोगों की सूची तैयार की गई। इन सूचियों को तैयार करने हेतु संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल द्वारा प्रस्तावित संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में बुनियादी प्रशिक्षण संस्था मन्दसौर, पचमढ़ी, बीजलपुर और कुण्डेश्वर के विज्ञान व्याख्याता और इस संस्थान के आचार्यों ने भाग लिया।

(2) पाठ्यपुस्तकों में सुधार–प्राथमिक और माध्यमिक स्तर के विज्ञान तथा गणित के पाठ्यपुस्तकों में सुधार किया गया।

(3) विज्ञान के पाठ्यक्रमों का अनुवाद–कक्षा 3, 4 एवं 5 पाठ्य पुस्तकें "विज्ञान आओ करके सीखें" का अंग्रेजी में अनुवाद किया जा रहा है ताकि वे पुस्तकें अंग्रेजी माध्यम की शाला में लागू हो सकें।

विज्ञान की प्रगति हेतु अन्य कार्य :

(1) **विज्ञान प्रतिभा खोज–इस** संस्थान में विज्ञान प्रतिभा खोज का केन्द्र स्थापित किया गया है जिसमें जबलपुर के विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया जाता है। साथ ही मध्यप्रदेश राज्य के सभी स्कूलों को पत्रक द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। इस वर्ष माह जून 1975 में मध्यप्रदेश के प्रत्येक संस्थान सें चुने हुये 5 विद्यार्थियों के लिये एक सेमीनार क्षेत्रीय शिक्षा माहाविद्यालय भोपाल में आयोजित किया गया। इस सेमीनार में संस्थान के सदस्यों ने प्रशिक्षण दिया। विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा 1976 हेतु ग्रीष्मकालीन मार्गदर्शन शिविर जबलपुर, बिलासपुर, मण्डला, बालाघाट में आयोजित किये गये जिसमें राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान जबलपुर का मार्गदर्शन उल्लेखनीय रहा। विज्ञान प्रतिभा खोज परीक्षा के प्रचार हेतु पत्रक संस्थान द्वारा तैयार किया गया है। इसे संचालक लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश, भोपाल की मुद्रित किये जाने हेतु दिया गया है।

विद्यार्थी तथा शिक्षक संस्थान से सतत मार्गदर्शन ले रहे हैं।

(2) **टेलीविजन द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण**.–इस वर्ष टेलीविजन द्वारा शिक्षकों को प्रशिक्षण देने की योजना लागू की गई है। रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग और राजनांदगाव के चार जिले इस योजना से लाभान्वित होंगे। इस योजना में 400 शिक्षक मानीटरों को उन्मुखीकृत किया जाना है। इन मानीटरों का पहला उन्मुखीकरण प्रशिक्षण राष्ट्रीय शैक्षणिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद द्वारा शासकीय शिक्षा महाविद्यालय रायपुर में दिनांक 2–6–75 से 10–6–75 तक संपन्न हुआ। इस केम्प में 30 शिक्षक मानिटर प्रशिक्षित हुये। शेष शिक्षक मानीटरों को पांच केम्पों में प्रशिक्षित किया जा रहा है।

(3) **सेमी माइक्रो पद्धति से रसायन विज्ञान में प्रशिक्षण**:–मध्यप्रदेश में सेमी माइक्रो पद्धति से रसायन शास्त्र के शिक्षण हेतु 10 उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालयों का चयन किया है। यह शालाएं जबलपुर जिले की हैं। इन शालाओं की संस्थान द्वारा मार्गदर्शन दिया जाता है। यह योजना पूर्ण मध्यप्रदेश में लागू करने हेतु संचालक लोक शिक्षण मध्यप्रदेश, भोपाल को लिखा गया है।

(4) **मोबाइल व्हान**:–संस्थान को एक मोबाइल व्हान यूनीसेफ द्वारा प्रदाय की गई है। मोबाइल व्हान का उपयोग शालाओं के शिक्षा सुधार कार्यक्रम में किया जाता है। फिल्म प्रदर्शन तथा प्रयोग द्वारा शिक्षकों को मार्ग-दर्शन दिया जाता है।

(5) **राष्ट्रीय स्तर पर विज्ञान शिक्षा**:–समय-समय पर आयोजित राष्ट्रीय स्तर के पाठ्यक्रम निर्माण, पाठ्य-पुस्तक एवं अध्यापक मार्गदर्शिका लेखन कार्यक्रमों में संस्थान के प्राध्यापकों ने सक्रिय सहयोग दिया।

शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यासय, जबलपुर :–

शिक्षा मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय, जबलपुर की स्थापना 10 सितम्बर, 1962 को मध्यप्रदेश शासन द्वारा व्यावहारिक मनोविज्ञान एवं संदर्शन के स्नातकोत्तरीय स्तर पर उच्चतम कार्य हेतु एक स्वतन्त्र महाविद्यालय के रूप में की गई। इसके पूर्व सन् 1947 में तत्कालीन स्पेन्स ट्रेनिंग कालेज (वर्तमान शासकीय शिक्षण महाविद्यालय) जबलपुर में स्नातकोत्तर व्यावहारिक मनोविज्ञान विभाग के रूप में इसका प्रादुर्भाव हुआ था। सन् 1955 में इसी विभाग के साथ में राज्य स्तरीय शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मार्ग दर्शन ब्यूरो की स्थापना की गई।

यह महाविद्यालय जबलपुर विश्वविद्यालय से "कान्सटीट्यूएन्ट कालेज" के रूप में सम्बद्ध है। जबलपुर विश्वविद्यालय में अलग से मनोविज्ञान विभाग न होने के कारण मनोविज्ञान स्नातकोत्तरीय शिक्षा एवं शोध का यह एक प्रमुख केन्द्र है। महाविद्यालय की गतिविधियां प्रमुख रूप से तीन भागों में विभाजित है:––

1. **स्नातकोत्तर अध्ययन विभाग**:–– स्नातकोत्तर स्तर पर यहां निम्नलिखित विषय पढ़ाये जाते हैं–– सामान्य एवं प्रायोगिक मनोविज्ञान, मनोवैज्ञानिक परीक्षण एवं व्यक्तिगत विभिन्नताएं, अनुसंधान विधि तथा सांख्यिकी, बाल–व्यवहार एवं विकासात्मक मनोविज्ञान, असामान्य मनोविज्ञान एवं समाज मनोविज्ञान। इन अनिवार्य विषयों के अतिरिक्त निर्देष एवं परामर्श, औद्योगिक मनोविज्ञान, शिक्षा मनोविज्ञान, निदानात्मक मनोविज्ञान एवं सामाजिक कार्य–वैकल्पिक विषयों के रूप में विशेषीकरण का प्रावधान है। प्रत्येक वर्ष में प्रयोगिक मनोविज्ञान अनिवार्य है। इस सत्र में पूर्वार्ध में 37 विद्यार्थी एवं उत्तरार्ध में 28 विद्यार्थी पंजीकृत रहे।

2. **अनुसंधान**–– महाविद्यालयीन स्तर वर्तमान सत्र में– (अ) फिगर कापीयिंग परीक्षण का प्रमाणीकरण एवं (ब) संदर्शन का सामाजिक एकाकी पर प्रभाव को पूर्ण कर उनका प्रतिवेदन तैयार किया गया।

पी.एच.डी. स्तर––यहां के आचार्यों के कुशल निर्देशन में 9 विद्यार्थी विभिन्न विषयों पर शोध कार्य कर रहे हैं।

विद्यार्थियों द्वारा.– इस सत्र में स्नातकोत्तर उपाधि की आंशिक पूर्ति हेतु 5 छात्रों ने शोध प्रबन्ध किया।

३. **संदर्शन एवं परामर्श विभाग**.– इस विभाग के अन्तर्गत बहुमुखी कार्य सम्पादित किये जाते हैं:–

शालाओं में संदर्शन कार्य.– इसके अन्तर्गत वर्तमान सत्र में प्राचार्यों एवं केरियर मास्टरों के लिए संगोष्ठियों का आयोजन किया गया। उच्चतर माध्यमिक शालाओं के मार्गदर्शन केन्द्रों का निरीक्षण कर, आचार्य वर्ग ने उनके सफल संचालन क लिये महत्वपूर्ण सुझाव दिये। विविधकृत पाठ्यक्रम के अन्तर्गत वर्गीकरण के लिये इस महाविद्यालय, के आचार्यों की सेवाओं का कुछ संस्थाओं ने लाभ उठाया।

सूचना केन्द्र:–इस केन्द्र की प्रमुख गतिविधि शैक्षणिक एवं व्यावसायिक मार्गदर्शन सम्बन्धी सूचनाओं का एकत्रीकरण, वर्गीकरण एवं प्रसारण है। पत्रों के माध्यम से एवं व्यक्तिगत रूप से जानकारी इच्छुक लोगों को दी जाती है।

व्यक्ति अध्ययन एवं परामर्श विभाग.– इसके अन्तर्गत अनेक व्यक्तियों को सहायता पहुंचाई गई। मानसिक बीमारियों के पीड़ित व्यक्तियों के उपचारार्थ यहां कार्य किया जाता है। आर्युविज्ञान महाविद्यालय द्वारा समय-समय पर विभिन्न व्यक्तियों से पीड़ित लोगों को यहां निदान के लिये भेजा जाता है। काफी संख्या में लोगों ने इस सेवा का लाभ उठाया है।

शैक्षणिक पिछड़ापन, अल्पस्तरीय उपलब्धि, पाठ्य विषयों के चयन एवं व्यक्तिगत निर्देश प्राप्त करने की समस्याओं से प्रभावित विद्यार्थियों को सहायता पहुंचाई गई। वैवाहिक समायोजन, व्यक्तिगत समस्याएं एवं विशिष्ट क्षेत्रों में कुसमायोजित व्यक्तियों को भी परामर्श द्वारा समस्याओं को हल करने का प्रयास किया गया।

"बाल्य संदर्शन क्लिनिक" में आर्युविज्ञान महाविद्यालय द्वारा भजे गये कई प्रकरणों में अधिकांश बौद्धिक स्तर के निर्धारण सम्बन्धी, संदर्शन हेतु थे। कुछ प्रकरण वाक्दोष एवं मिरगी के थे, इनका यथोचित समाधान किया गया।

व्यक्ति अध्ययन एवं परामर्श विभाग के अन्तर्गत इस सत्र में 110 व्यक्तियों को लाभ पहुंचाया गया। विभिन्न विभागों द्वारा अधिकारियों के चयन में इस महाविद्यालय का महत्वपूर्ण योगदान रहता है। महाविद्यालय में उपलब्ध विभिन्न परीक्षणों का उपयोग कर अधिकारियों का चयन वस्तुगत रूप से किया जाता है।

विद्वत समिति एवं क्रियाकलाप निधि समिति द्वारा समय-समय पर भाषण माला आयोजित की गई जिसमें विद्वान वक्ताओं ने महाविद्यालय परिवार को सम्बोधित किया।

एम. एड. प्रशिक्षण

एम. एड. प्रशिक्षण के लिए निम्नांकित 5 प्रशिक्षण संस्थाओं में प्रावधान है:–

1. शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, जबलपुर
2. शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, बिलासपुर
3. शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, उज्जैन
4. शासकीय शिक्षा महाविद्यालय, रीवा
5. राज्य शिक्षा संस्थान, भोपाल

प्रत्येक संस्था में 10 प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के लिए भेजा जाता है। इस प्रशिक्षण की अवधि 1 वर्ष है एवं प्रशिक्षणार्थियों को पूर्ण वेतन दिया जाता है। जो प्रशिक्षणार्थी अपनी स्वयं की इच्छा पर एम. एड. प्रशिक्षण करते हैं उनको एम. एड. के लिये अध्ययन अवकाश की पात्रता आती है। प्रशिक्षणार्थियों का चयन एक समिति गठित कर किया जाता है, जिसकी अध्यक्षता संचालक, लोक शिक्षण स्वयं करते हैं। यह चयन योग्यता एवं वरिष्ठता के आधार पर किया जाता है।

अर्हताएं–एम. एड. के विज्ञापन में विभागीय अभ्यार्थियों की आयु ४५ वर्ष रखी है तथा बी. एड. के पश्चात् कम से कम २ वर्ष का शिक्षकीय अनुभव आवश्यक है। इस प्रशिक्षण में न्यूनतम योग्यता स्नातक या स्नातकोत्तर द्वितीय श्रेणी एवं बी. एड. द्वितीय श्रेणी निश्चित की गई है।

सत्र–एम. एड. प्रशिक्षण का सत्र 1 जुलाई से प्रारंभ होता है एवं 30 अप्रेल तक चलता है।

अध्याय–2

बी. एड. प्रशिक्षण

बी. एड. के प्रशिक्षण का प्रावधान राज्य के समस्त 10 शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों एवं शिक्षा महाविद्यालय, सागर में भी रखा गया है । बी. एड. प्रशिक्षण के लिए प्रत्येक शिक्षा महाविद्यालय में पदों का वर्गीकरण निम्नानुसार है:–

शिक्षकों के पद	100
व्याख्याताओं के पद	25
सीधी भरती के पद	30
योग..	155

विभागीय प्रशिक्षणार्थियों को संभागीय शिक्षण अधीक्षक द्वारा इस प्रशिक्षण हेतु शिक्षकों एवं व्याख्याताओं को भेजा जाता है, किन्तु वर्ष 1976 में व्याख्याताओं को इस प्रशिक्षण में भेजने के लिऐ चयन संचालनालय द्वारा किया गया । सीधी भरती के 30 पदों पर विज्ञापन के अनुसार चयन उच्च शिक्षा अनुदान आयोग द्वारा गठित चयन समिति द्वारा किया जाता है ।

इनकी अर्हतायें एवं आयु सीमा आयोग द्वारा ही निर्धारित की जाती है । चयन समिति में निम्नांकित सदस्य रहते हैं :–

1.	कुल सचिव संबंधित विश्वविद्यालय	अध्यक्ष
2.	प्राचार्य, शिक्षा महाविद्यालय	सचिव
3.	संबंधित संभागीय शिक्षण अधीक्षक	सदस्य

इन सीधी भर्ती के पदों पर अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के लिए क्रमशः 16 एवं 20 प्रतिशत पद सुरक्षित रखे जाते हैं, किन्तु अर्हता की प्रतिस्पर्धा बनी रहती है ।

सत्र – यह प्रशिक्षण 16 मई से शुरू होता है जिसकी अवधि एक वर्ष है ।

अध्याय–3

बुनियादी प्रशिक्षण

सत्र 1974–75 में राज्य में कुल 45 बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाएं कार्यरत रही, जिनमें से 30 बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं में (प्रत्येक मे) 200 स्थान रखे गये जिनकी पूर्ति योग्यता के आधार पर परीक्षा लेकर की गई। बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं के पाठ्यक्रम के संबंध में यह निर्णय लिया गया है कि प्रथम वर्ष का पाठ्यक्रम प्रशिक्षार्थी संस्थाओं में रहकर करेंगे और द्वितीय वर्ष का पाठ्यक्रम वे शालाओं में शिक्षक रहकर पत्राचार द्वारा पूर्ण करेंगे।

पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्था, जबलपुर :–

पूर्व प्राथमिक प्रशिक्षण संस्था, जबलपुर में ६० महिला प्रशिक्षार्थियों को प्रतिवर्ष प्रवेश दिया जाता है। यह प्रशिक्षण पूर्व प्राथमिक स्तर का है, जिसकी अवधि १ वर्ष है तथा इसका सत्र प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से प्रारम्भ होता है।

इसके प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता शिक्षा संहिता के अनुसार माध्यमिक परीक्षा प्रमाण-पत्र है। प्रवेशार्थियों का चयन एक समिति द्वारा किया जाता है, जिसका गठन संचालक लोक शिक्षण द्वारा किया जाता है। इन प्रशिक्षार्थियों को कोई वेतन दिये नहीं होता, वरन् ये सीधी भरती के अन्तर्गत चयन किये जाते हैं, जिन्हें ३५ रुपये माहवार के हिसाब से छात्रवृति प्रदान की जाती है। छात्राओं से कोई शिक्षण शुल्क वसूल नहीं किया जाता है।

अध्याय–4

विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम

1. आंग्ल भाषा प्रशिक्षण
2. शारीरिक शिक्षा प्रशिक्षण
3. पुस्तकालय प्रशिक्षण
4. योग प्रशिक्षण

आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, भोपाल

आंग्ल भाषा शिक्षण संस्थान, भोपाल की स्थापना अगस्त, 1964 में को गई। आंग्ल भाषा शिक्षा के स्तर को उन्नत करने तथा वर्तमान शिक्षा सुविधाओं को सुगठित करने के उद्देश्य से प्रतिवेदनाधीन वर्ष में निम्नांकित त्रियाकलाप सम्पन्न किये गये :–

(1) सेवाकालीन प्रशिक्षण पाठ्यक्रम

(अ) स्थानीय माध्यमिक शालाओ में कार्यरत 152 अंग्रेजी शिक्षकों को अल्पकालीन प्रशिक्षण दिया गया।

(ब) उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के व्याख्याताओं हेतु रीवा, जबलपुर, ग्वालियर, इन्दौर एवं सागर में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किये गये, इस कार्यक्रम में 142 व्यक्तियों ने भाग लिया।

(स) भारत हेवी इलैक्ट्रीकल्स शिक्षा समिति, भोपाल द्वारा संचालित संस्था के शिक्षकों को अंग्रेजी भाषा में पर्याप्त ज्ञान देने के उद्देश्य से 10–10 दिवस के दो पाठ्यक्रम आयोजित किये गये।

(2) विस्तार सेवा
मध्यप्रदेश पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा अंग्रेजी विषय से सम्बन्धित विषय सामग्री प्रकाशित की गई जिसमें 4 अंग्रेजी पुस्तकों के प्रकाशन में इस संस्थान ने सहयोग प्रदान किया।

(3) शाला ग्रहण कार्यक्रम
संस्थान द्वारा 10 स्थानीय माध्यमिक शालाओं में कार्यरत अंग्रेजी भाषा के शिक्षकों के शिक्षण सुधार कार्यक्रम के अन्तर्गत शाला ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किये गये।

(4) इस संस्थान द्वारा राज्य की आदर्श शालाओं में आंग्ल भाषा शिक्षण सुधार का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

(5) बुनियादी प्रशिक्षण संस्थाओं में विस्तार केंद्रों के माध्यम से आंग्ल भाषा शिक्षण कार्य किया गया, इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 45 माध्यमिक शाला शिक्षक तथा संस्थान के 20 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित हुए।

(6) शिक्षा महाविद्यालयों में बी. एड. प्रशिक्षणार्थियों की आंग्ल भाषा के शिक्षण सुधार हेतु मार्ग दर्शन दिया गया।

(7) इस संस्थान द्वारा अंग्रेजी भाषा फार्म बनाये गये हैं जो माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक शालाओं में कार्यरत अंग्रेजी विषय के शिक्षकों को समय-समय पर प्रशिक्षण, वादविवाद आदि प्रतियोगिताओं के आयोजन करके आंग्ल भाषा के स्तर को उन्नत करने का हर संभव प्रयास किया जावेगा।

तात्याटोपे राज्य शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शिवपुरी

राज्य में शारीरिक शिक्षा का एक महाविद्यालय तात्या टोपे राज्य शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय शिवपुरी में संचालित है। यह महाविद्यालय भूतपूर्व मध्य भारत राज्य के समय से संचालित है व इसमें दो कोर्स प्रमाण-पत्र तथा डिप्लोमा कोर्स आयोजित किये जाते हैं। प्रमाण पत्र कोर्स के प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता माध्यमिक प्रमाण पत्र परीक्षा या किसी समतुल्य उच्चत्तर परीक्षा में उत्तीर्ण तथा डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश हेतु न्यूनतम योग्यता स्नातक या समतुल्य परीक्षा है। प्रमाण पत्र तथा डिप्लोमा कोर्स में प्रवेश हेतु निम्नानुसार स्थान स्वीकृत हैं :–

		राज्य के लिए	राज्य के बाहर के लिए
1.	प्रमाण-पत्र कोर्स	150	10
2.	डिप्लोमा कोर्स	50	5
	योग	200	15

पुस्तकालय विज्ञान प्रशिक्षण

शिक्षा विभाग द्वारा पुस्तकालय विज्ञान में प्रमाण पत्र के प्रशिक्षण की सुविधा केन्द्रीय पुस्तकालय, ग्वालियर में उपलब्ध है। यह प्रशिक्षण 6 माह का होता है और प्रत्येक वर्ष शासन से स्वीकृति प्राप्त होने पर 25 विभागीय उम्मीदवारों तथा १५ अशासकीय उम्मीदवारों को प्रशिक्षित किया जाता है। विभागीय उम्मीदवारों का चयन संचालनालय द्वारा तथा अशासकीय उम्मीदवारों का चयन केन्द्रीय पुस्तकालय ग्वालियर के क्षेत्रीय ग्रन्थपाल द्वारा किया जाता है। इस प्रशिक्षण में प्रवेश के लिये प्रशिणार्थी की न्यूनतम योग्यता उच्चत्तर माध्यमिक परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए।

प्रति वर्ष 5 विभागीय उम्मीदवारों को विक्रम विश्वविद्यालय उज्जैन में पुस्तकालय विज्ञान में स्नातक उपाधि के लिये प्रतिनियुक्त करने का भी प्रावधान है। इस प्रशिक्षण में वेतन मान 195–330 में कार्यरत ग्रन्थपालों को उनकी वरिष्ठता क्रम से भेजा जाता है। इस प्रशिक्षण के लिये प्रशिक्षणार्थी की शैक्षणिक योग्यता स्नातक होना अनिवार्य है। प्रशिक्षण सत्र की अवधि जुलाई से अप्रैल तक रहती है।

योग–प्रशिक्षण

योग प्रशिक्षण केन्द्र की स्थापना जनवरी 1973 में हुई।

उद्देश्य :–

आचरण की अराजकता, शारीरिक व्यायाम की न्यूनता, आहार की अपर्याप्तता एवं अनियमितता तथा वातावरण की अन्य विषमताओं के कारण मानव शरीर शारीरिक एवं मानसिक रूप से दुर्बल होता जा रहा है। शालाओं में अध्ययनरत बालक एवं बालिकाओं पर इसका प्रभाव परिलक्षित है। योग शिक्षा द्वारा तन मन दोनों का संतुलित विकास होता है एवं समग्र व्यक्तित्व का विकास संभव होता है।

कार्य :–

1. सामान्य जनता के इच्छुक व्यक्तियों के लिये योग त्रिया प्रशिक्षण केन्द्र संचालित करना।
2. राज्य की शालाओं में कार्यरत शिक्षकों को दो माह की अवधि का योग प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाना।

प्रवेश :–

प्रत्येक सत्र में प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं के 48 शिक्षकों को चयन किया जाता है। प्रशिक्षण की अवधि दो माह की है।

खण्ड – 4

विविध

अध्याय–I

छात्रवृत्ति एवं शिष्यवृत्ति

संचालनालय लोक शिक्षण द्वारा नियंत्रित छात्रवृत्तियों का विवरण आगामी तालिकाओं में प्रस्तुत किया गया है। सभी प्रकार की छात्रवृत्तियों एवं शिष्यवृत्तियों की जानकारी यथा समय शाला, समाचार-पत्र, आकाशवाणी के माध्यम से प्रसारित की जाती है ताकि विविध जानकारी एवं आवेदन प्रपत्रों हेतु शाला के प्रधानों से सम्पर्क यथा समय किया जा सके। सीमित साधन वाले प्रतिभावान छात्रों के लाभार्थ ही अधिकतर शिष्यवृतियां है। कुछ छात्रवृत्तियों की प्रतिभावान छात्रों को भी पात्रता है।

संचालक लोक शिक्षक द्वारा नियंत्रित छात्रवृतियों एवं शिष्यवृतियों का विवरण

क्रमांक	वृत्तियों का विवरण	संख्या	दर	अवधि	अभ्युक्ति
1	2	3	4	5	6
	पूर्व / उच्चतर माध्यमिक छात्रवृतियां / शिष्यवृतियां				
			रुपये प्रतिमाह	वर्ष	
1.	उच्चतर माध्यमिक कक्षाओं में छात्रवृतियां	336	25	3	छात्रावासियों के लिये 30 रुपये प्रति माह
	शिष्यवृतियां	7664			शिष्यवृतियों हेतु पालक की आय
2.	पूर्व माध्यमिक कक्षाओं में छात्रवृतियाँ	252	12	3	सीमा 6000 रु. वार्षिक
	विशेष छात्रवृतियां / शिष्यवृतियाँ				
3.	संगीत तथा कला हेतु छात्रवृतियां (संगीत महाविद्यालयों में)				
	(अ) गायन, वादन, नृत्य	20	25	2	
	(ब) चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला	20	25	2	
4.	संगीत तथा कला के लिये विशेष छात्रवृत्तियां				
	(अ) गायन, वादन, नृत्य	3	100	2	
	(ब) चित्रकला, मूर्तिकला, वास्तुकला	3	100	2	
5.	शालाओं हेतु खेलकद छात्रवृतियां	28	25	1	14 छात्रों के लिए एवं 14 छात्राओं के लिये
6.	नौ सेना तथा सेना छात्रवृतियाँ	8	100	1	
7.	राष्ट्रीय छात्र सेना (जूनियर) छात्रवृतियां	8	20	1	जल, थल, वायु सेना प्रत्येक हेतु 2 एवं छात्राओं के लिये थल सेना में 2

1	2	3	4	5	6
8.	शारीरिक शिक्षा छात्रवृति–स्नातकोत्तर	2	60	2	
	उपाधिपाठ्यक्रम	3	45	3	
	पत्रोपाधि	15	40	2	
	प्रमाण–पत्र	15	35	1	
9.	पब्लिक स्कूल में राज्य द्वारा प्रदत्त (कक्षा 6 से 11 में)	15 वार्षिक 2000 रु. से कम पालक की मासिक आय होने पर)	2000 रु.(500 रु.	6	भारत शासन द्वारा संचालित परीक्षाओं के आधार पर से छात्रवृतियां भारत शासन द्वारा प्रदत है जो छात्र इसमें सफल नहीं होते है किन्तु भारत शासन अनुशंसा करता है उन्हें यह मान्य है।
10.	विज्ञान के मेधावी छात्रों की छात्रवृत्तियां				
	स्नातक पाठ्यक्रम	50	60	3	यह भारत शासन द्वारा संचालित परीक्षा है जो छात्र उक्त परीक्षा में सफल नहीं होते हैं किन्तु जिनकी अनुशंसा भारत शासन करती है उन्हें यह छात्रवृत्तिमान्य है।
	स्नातकोत्तरपाठ्यक्रम	18	75	2	
11.	मृत/अपंग शासकीय कर्मचारियों के बालकों को छात्रवृत्तियां	प्रायमरी	5	5	
		पूर्व माध्यमिक	12	3	
		उच्चतर माध्यमिक	25	3	
		स्नातक	50	3	
		स्नातकोत्तर	75	2	
12.	निर्धनता तथा योग्यता आधार पर विशेष छात्रवृत्ति या एक मुश्त अनुदान।	अध्ययन	शासन द्वारा निर्णित	शासन द्वारा निर्णित	
13.	संस्कृत शालाओं में छात्रवृत्तियां				
	(1) प्रथमा स्तर छात्रवृत्तियां	100	10	3	
	,, ,, शिष्यवृत्तियां	100	10	3	

1	2	3	4	5	6
	(2) पूर्व मध्यमा स्तर छात्रवृत्तियां	25	20	2	
	पूर्व मध्यमा स्तर शिष्यवृत्तियां	25	20	2	
	(3) उत्तमा स्तर छात्रवृत्तियां	25	25	2	
	,, ,, शिष्यवत्तियां	25	25	2	
14.	उच्चतर माध्यमिक शालाओं में संस्कृत विषय (डी ग्रूप) अध्ययन हेतु वृत्तियां	74 (प्रति कक्षा)	10	3	
15.	समर्पण करने वाले डाकुओं के बालकों एवं दस्यु पीड़ित व्यक्तियों के बालकों को छात्रवृत्तियां	प्राथमिक पूर्व माध्यमिक उच्चतर माध्यमिक		5 3 3	
16.	सैनिक स्कूल, रीवा में छात्रवृत्तियां	6वीं से 11वीं तक परीक्षा में सफल समस्त छात्रों को	1. 400 रु. मासिक आय शत प्रतिशत 2. 401 से 750रु. मासिक आय 75 प्रतिशत 3. 751 से 1000 रु. मासिक आय 50 प्रतिशत 4. 1001 से 1200 रु. मासिक आय 25 प्रतिशत	6	
17.	ग्रामीण प्रतीभा खोज छात्रवृत्ति उच्चतर माध्यमिक स्तर पर	457 विकास खंडों में प्रत्येक में 1 या 2	रु. 50 रु. 100 आवासीय छात्रों के लिये	3	
18.	आत्म समर्पण करने वाले डाकुओं तथा डाकुओं द्वारा मारे गये लोगों के बच्चों को विशेष छात्रवृत्ति		छात्रावासी / गैर छात्रावासी		यह छात्रवृत्ति सीमित साधन वाले छात्रों को पाने की पात्रता है।
		प्राथमिक	60 / 35		
		माध्यमिक	60 / 40		
		उच्चतर माध्यमिक	65 / 45		
19.	सांस्कृतिक प्रतिभा खोज छात्रवृत्ति	भारत के समस्त राज्यों में 100	रु. 50 रु. 100 (छात्रावासी)	18 वर्ष की आयु तक	भारत शासन के निर्देश पर चुनाव होता है

अध्याय–2

अनुदान

शिक्षा के क्षेत्र में विभिन्न अशासकीय अभिकरण भी कार्यशील हैं एवं शिक्षण कार्य में अपना योगदान प्रदान करते हैं। राज्य शासन शिक्षा के पोषण, उन्नयन एवं विस्तार हेतु अनुदान अशासकीय संस्थाओं को प्रदान करता है। तद्नुसार संचालनालय लोक शिक्षण द्वारा पोषण, भवन एवं उपकरण अनुदान दिये जाने का प्रावधान हैं। प्रतिवर्ष वित्तीय साधनों की सीमा में नवीन शालाओं को पोषण अनुदान, स्वीकृत किया जाता है एवं पूर्व में अनुदान प्राप्त संस्थाओं को अनुदान पुनः निर्धारण किया जाता है। अनुदान के खर्च में क्रमिक वृद्धि होती है। अशासकीय संस्थाओं का महत्वपूर्ण क्षेत्र उच्चतर माध्यमिक शालाएं हैं यद्यपि प्राथमिक माध्यमिक शिक्षा के क्षेत्र में भी यह संस्थाएं अपना कार्य करती है। यद्यपि शिक्षा संचालन का अधिकतर दायित्व शिक्षा विभाग संभालता है, किन्तु इन अशासकीय अनुदान प्राप्त संस्थाओं के कार्य को दृष्टि ओझल नहीं किया जा सकता। इसी हेतु शासन सदैव उनके हित को ध्यान में रख कर अनुदान की व्यवस्था करता है एवं इस व्यवस्था का सुचारु रूप से संचालन हेतु स्वस्थ सहयोग की अपेक्षा करता है। निम्नांकित सांख्यिकी अनुदान की स्थिति पर प्रकाश डालते हैं :–

स्तरवार अनुदान

क्रमांक	संस्था	संख्या	धनराशि
1.	उच्चतर माध्यमिक	428	1,93,48,266
2.	माध्यमिक	226	26,97,904
3.	प्राथमिक	954	64,47,549
4.	पूर्व प्राथमिक	52	1,55,553
5.	पुस्तकालय	160	1,94,077
6.	अन्य विशेष संस्थाएं	64	5,42,355
	योग ..	1,884	2,93,85,704

विशिष्ट अनुदान

क्रमांक	अनुदान	राशि	शालाओं की संख्या					
			उच्चतर माध्यमिक	माध्यमिक	प्राथमिक	पूर्व प्राथमिक	पुस्तकालय	अन्य संस्थाए
1	2	3	4	5	6	7	8	9
1.	भवन अनुदान	38,750	3	..	..	..	..	..
2.	उपकरण अनुदान	36,418	6	..	..	..	..	..
3.	पोषण अनुदान	2,93,85,704	428	226	954	52	160	64
4.	अन्य अनुदान	4,20,300	..	..	..	..	..	..
	योग ..	2,98,81,172	437	226	954	52	160	64

क्रमांक	जिला	उच्चतर माध्यमिक शालाएं		माध्यमिक शालाएं		प्राथमिक शालाएं		बालक मन्दिर		पुस्तकालय		विशिष्ट संस्थाएं	
		संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि	संख्या	राशि
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
1.	भोपाल	8	2,45,288	15	4,61,299	11	97,751	...	...	1	3,100	2	6,166
2.	सीहोर	...	...		...	1	4,097	...	...	...	...	...	...
3.	रायसेन	...	...		...	...	...	...	...	...	...	...	...
4.	विदिशा	3	1,45,,663	4	77,585	4	28,459	—	...	...	...	...	...
5.	राजगढ़	...	...	...	...	...	...	...	...	1	2,000	...	...
6.	होशंगाबाद	12	4,52,855	7	32,515	17	1,38,065	4	9,997	4	1,340	2	6,370
7.	खण्डवा	17	8,00,973	8	53,260	31	2,15,292	2	5,172	3	1,500	1	27,860
8.	बैतूल	8	2,96,134	1	5,350	9	78,940	2	6,530	1	500	....	...
9.	छिन्दवाड़ा	17	7,35.212	4	24,276	20	1,81,041	3	6,470	1	500	...	...
10.	नरसिंहपुर	7	2,61,837	...	...	3	27,522	4	6,900	2	1,000	2	8,749
11.	सिवनी	1	1,10,873	1	1,050	...	...	3	3,879	...	...	1	4,995
12.	जबलपुर	62	41,22,559	30	2,03,920	60	8,93,264	6	14,575	1	500	11	1,58,778
13.	मण्डला	4	1,44,316	4	47,213	15	88,324	2	3,450	...	...	...	...
14.	बालाघाट	3	1,32,463	1	11,032	6	43,537	2	2,885	...	...	1	2,700
15.	सागर	16	9,91,434	9	51,862	25	2,76,035	4	12,524	...	...	3	20,904
16.	दमोह	12	4,67,005	3	37,145	8	47,760	3	16,298	...		1	7,335
17.	छतरपुर	1	36,425	...	...	1	2,000	...	...	4	4051	1	4,300
18.	पन्ना	1	16,300	1	13,700	3	13,900	...	...	1	700	...	...
19.	टीकमगढ़	1	10,100	...	...	...	...	...	...	1	500	...	...
20.	रायपुर	55	23,37,264	7	78,905	46	4,16,850	4	19,770	19	9,500	4	32,000
21.	दुर्ग	10	5,23,060	1	13,386	6	40,102	4	15,968	2	1,000	...	...
22.	बस्तर	2	47,174	1	16,632	4	46,740	2	7,300	...	...	...	...
23.	राजनांदगांव	3	1,83,575	...	...	3	20,156	2	8,819	1	1,000	1	4,429
24.	बिलासपुर	44	13,34,030	7	63,550	30	3,22,710	5	15,090	5	1,950	2	14,250
25.	सरगुजा	7	2,14,350	3	41,420	12	1,30,270	...	...	1	600	...	...
26.	रायगढ़	10	3,10,950	14	1.15,160	20	1,57,790	...	...	6	3,000	1	5,800
27.	उज्जैन	8	3,78,859	4	1,06,089	43	2,09,015	...	...	4	8,445	2	8,622
28.	मन्दसौर	4	60,665	5	91,555	12	1,18,071	...	...	8	6,762	...	...

1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12	13	14
29.	रतलाम	5	1,06,646	6	69,402	11	1,18,354	...	...	3	6,272	...	...
30.	शाजापुर	1	2,500	...	...	3	9,260	...	...	3	1,300	...	...
31.	ग्वालियर	27	11,40,009	31	3,35,493	70	6,13,830	...	...	22	18,160	8	1,37,286
32.	भिण्ड	11	4,25,879	3	11,913	65	1,29,309	...	...	4	2,940	1	2,300
33.	मुरैना	14	4,87,546	7	1,02,700	233	5,78,500	...	...	6	1,200	2	9,800
34.	शिवपुरी	9	2,67,460	1	8,016	70	1,38,000	...	...	3	2,419	2	2,737
35.	गुना	3	49,160	4	94,634	14	48,804	...	...	5	5,620	2	6,774
36.	दतिया	...	...	...	...	...	...	...	...	1	2,500	...	...
37.	इन्दौर	28	21,41,000	17	3,15,423	61	8,51,600	...	...	13	41,790	11	66,130
38.	देवास	...	...	1	45,000	7	40,047	...	...	3	2,077	...	...
39.	धार	...	...	3	25,600	13	81,500	...	...	7	7,800	...	...
40.	खरगोन	1	90,000	1	2,500	4	83,324	...	...	11	16,150	1	1,000
41.	झाबुआ	...	...	1	15,000	5	48,500	...	...	...	...	..	...
42.	रीवा	5	65,161	4	18,500	3	8,910	...	...	5	3,683	...	...
43.	सतना	6	1,68,215	6	85,337	4	20,900	...	...	5	2,380	1	2,500
44.	सीधी	...	...	1	21,485	...	...	...	...	...	...	...	...
45.	शहडोल	2	45,326	...	...	1	7,020	...	...	2	3,838	1	3,600
	योग ..	428	1,93,48,266	226	26,97,904	954	64,47,549	52	1,55,553	160	1,94,077	64	5,42,355

अध्याय–3

पुस्तकालय

संचालनालय लोक शिक्षण के अधीन संचालित पुस्तकालयों को मुख्य रूप से दो वर्गों में विभाजित किया जा सकता है :–

१. शैक्षिक पुस्तकालय

२. सार्वजनिक पुस्तकालय

१. शैक्षिक पुस्तकालय :– ये पुस्तकालय शासकीय शिक्षा महाविद्यालयों, राज्य स्तरीय विशेष संस्थाओं, जैसे राज्य शिक्षा संस्थान, भोपाल, आंग्ल भाषा शिक्षा संस्थान, भोपाल, राज्य विज्ञान शिक्षा संस्थान, जबलपुर, मनोविज्ञान एवं संदर्शन महाविद्यालय, जबलपुर, शारीरिक प्रशिक्षण महाविद्यालय, शिवपुरी तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में स्थित हैं। इन शैक्षिक पुस्तकालयों का उद्देश्य शिक्षण संस्थाओं में पढ़ने वाले विद्यार्थियों तथा शिक्षकों को पाठ्य सामग्री उपलब्ध कराना है। अतः इन पुस्तकालयों में पाठ्य पुस्तकों के अतिरिक्त विद्यार्थियों तथा शिक्षकों की ज्ञानवृद्धि के लिये संदर्भ ग्रंथ, शैक्षिक उपयोग की सूचनात्मक पुस्तकें तथा पत्र-पत्रिकायें होती हैं। पुस्तकालयों के व्यवस्थित संचालन के लिये १० शिक्षा महाविद्यालयों, ५ राज्य स्तरीय विशेष संस्थाओं तथा १७३ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में प्रशिक्षित ग्रंथपाल के पद स्वीकृत हैं। जिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में ग्रंथपाल के पद स्वीकृत नहीं हैं, उनके पुस्तकालयों का संचालन संस्था के शिक्षकों द्वारा किया जाता है।

२ सार्वजनिक पुस्तकालय :– संचालक लोक शिक्षण के अधीन ५ क्षेत्रीय पुस्तकालय तथा २५ जिला पुस्तकालय संचालित हैं। क्षेत्रीय पुस्तकालय ग्वालियर, इन्दौर, जबलपुर, भोपाल तथा रीवा में स्थित हैं। जिला पुस्तकालय, सतना, पन्ना, छतरपुर, टीकमगढ़, सीधी, शहडोल, जबलपुर, मंडला, बालाघाट, होशंगाबाद, बैतूल, छिंदवाड़ा, खंडवा, सागर, दतिया, डबरा, सीहोर, रायसेन, रायपुर, दुर्ग, बस्तर, बिलासपुर, रायगढ़, सरगुजा तथा वरमेन्द्र पुस्तकालय नागौद में स्थित हैं।

ये क्षेत्रीय तथा जिला पुस्तकालय, सार्वजनिक पुस्तकालयों के रूप में कार्य करते हैं। इन पुस्तकालयों के वाचनालय सर्वसाधारण जनता के लिये निःशुल्क खुले रहते हैं। किन्तु इन पुस्तकालयों से घर के उपयोग के लिये पुस्तकें ले जाने के लिये सदस्य बनना होता है जिसके लिये अमानत की राशि (कॉशनमनी) जमा करनी होती है। सदस्यता समाप्त करने पर यह धन सदस्य को लौटा दिया जाता है।

शैक्षिक तथा सार्वजनिक दोनों प्रकार के पुस्तकालयों के संचालन से संबंधित कार्य देखने तथा ग्रंथपालों की नियुक्ति और उनकी सेवा संबंधी अन्य कार्यों के देखने के लिये संचालनालय लोक शिक्षण में मुख्य ग्रंथपाल की देखरेख में एक पृथक से ग्रंथालय कक्ष है।

ग्रंथपालों की संख्या :–

(अ) वेतनमान के आधार पर :–

वेतनमान	संख्या
रु. 500–1150	1 (राजपत्रित)
रु. 400–720	5 (राजपत्रित)

रु. 280–400	95	(अराजपत्रित)
रु. 195–330	123	,,
रु. 140–240 (अपुनरीक्षित)	1	,,
रु. 169–330	1	,,
योग..	226	

(ब) कार्य स्थल के आधार पर :–

संस्था	संख्या	
1. संचालनालय लोक शिक्षण	1	(राजपत्रित)
2. क्षेत्रीय पुस्तकालय	5	,,
3. क्षेत्रीय पुस्तकालय	5	(अराजत्रित)
4. जिला पुस्तकालय	25	,,
5. शिक्षा महाविद्यालय	10	(अराजपत्रित)
6. विशेष संस्थान	5	,,
7. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	173	,,
8. बाल पुस्तकालय एवं कौतुकालय, केन्द्रीय पुस्तकालय, ग्वालियर ।	1	,,
9. आलोक शाला उज्जैन	1	,,
योग..	226	

अनुदान:–

इसके अतिरिक्त विवेच्य वर्ष में जनता द्वारा संचालित राज्य के 158 अशासकीय पुस्तकालयों एवं वाचनालयों को लगभग 2 लाख रुपयों का अनुदान दिया गया ।

राजा राममोहन राय लायब्रेरी संस्थान :–

विवेच्य वर्ष में राज्य के 25 जिला पुस्तकालयों तथा 9 नेहरू युवक केन्द्रों तथा उन 20 जिलों को भी जहां अभी जिला पुस्तकालय नहीं है, राजाराम मोहनराय संस्थान कलकत्ता से 92,200 रुपये मूल्य की पुस्तकें प्राप्त हुई ।

अध्याय–4

शारीरिक शिक्षा

मध्यप्रदेश शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता समिति.– मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग ने वर्ष 1962 में स्वीकृत नियमावली के आधार पर राज्य में शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता समिति का गठन किया है। इसकी शाखायें जिला एवं संभाग स्तर पर भी स्थापित की गई हैं। जिला स्तर पर जिलाध्यक्ष समिति के अध्यक्ष, शिक्षा अधिकारी सचिव, संभाग स्तर पर शिक्षा अधीक्षक इसके अध्यक्ष, एवं क्रीड़ा निरीक्षक सचिव का कार्य करते हैं। राज्य स्तर पर संचालक लोक शिक्षण अध्यक्ष एवं शारीरिक शिक्षा के प्रभारी अधिकारी इसके सचिव हैं। राज्य स्तरीय समिति (राष्ट्र स्तर पर राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा मंडल) से सम्बद्ध है।

उद्देश्य :–

1. राज्य की शालाओं में खेलकूद एवं क्रीड़ा संबंधी गतिविधियों को प्रोत्साहन देना।
2. छात्रों में अच्छे खिलाड़ी की भावनाओं का विकास करना।
3. शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का जिला, संभाग एवं राज्य स्तर पर आयोजन कराने की व्यवस्था करना।
4. छात्रों के लिए खेलने में विशेष प्रशिक्षण देने की व्यवस्था करना।
5. राज्य की ओर से राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा मण्डल द्वारा आयोजित प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होना।

कार्यक्षेत्र :–

राज्य की समस्त उच्चतर माध्यमिक एवं माध्यमिक शालायें।

समिति वर्ष भर क्रीड़ा प्रतियोगिताओं का आयोजन करती है या प्रशिक्षण शिविर लगाकर होनहार छात्र/छात्राओं को विशिष्ट खेलों का प्रशिक्षण देन की व्यवस्था करती है। मुख्यतः शालेय खेलकूद प्रतियोगितायें तीन भागों में विभाजित हैं.–

1. **शरदकालीन खेल:–** इनमें फुटबाल, कबड्डी, टेबिल टेनिस, बास्केट बाल एवं खो-खो तथा तैराकी की प्रतियोगितायें आयोजित की जाती हैं।
2. **शीतकालीन खेल:–** हाकी, वालीबाल, जिम्नास्टिक, बेडमिन्टन, खेलकूद, कुश्ती आदि प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है।
3. **क्रिकेट:–** शालेय स्तर पर क्रिकेट प्रतियोगितायें आयोजित की जाती है।

खेलकूद कार्यक्रम

क्रमांक	खेलकूद कार्यक्रम वर्ष 1974–75 का विवरण	धनराशि
1	2	3
1.	बजट प्रावधान	1,56,600
2.	व्यय (शासन से स्वीकृत)	1,59,550
3.	खेलकूद प्रतियोगिताओं की धनराशि जो वंटित की गई:—	
	(1) जिलास्तरीय प्रतियोगिताएं भाग 1 एवं 2	18,550
	(2) संभागीय प्रतियोगिताएं भाग 1 एवं 2	19,000
	(3) संभागीय दलों को राज्य प्रतियोगिता भाग 1 एवं 2 में सम्मिलित होने हेतु	10,000

1	2	3
(4)	राज्यस्तरीय प्रतियोगिताएं भाग 1 एवं 2	30,000
(5)	राज्य दल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता भाग 1 एवं 2 में सम्मिलित होने हेतु	31,000
(6)	प्री–नेशनल कोचिंग भाग 1 एवं 2	6,000
(7)	क्रिकेट को प्रोत्साहन देने हेतु	3,000
(8)	क्रिकेट की राज्य प्रतियोगिता तथा क्रिकेट के दल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित करने हेतु	4,200
(9)	ब्लेजस	4,850
(10)	विभिन्न स्तर पर बालिका हाकी प्रतियोगिता	14,500
(11)	विभिन्न स्तर पर बाल्य कुश्ती प्रतियोगिता	11,750
(12)	राज्य स्तर पर तैराकी प्रतियोगिता तथा तैराकी दल को राष्ट्रीय प्रतियोगिता में सम्मिलित करने हेतु	6,000
	बंटित धनराशि का योग . .	1,58,850

प्रवेश शुल्क :– राज्य प्रतियोगिता में सम्मिलित होने हेतु संभागों से प्रवेश शुल्क लिया जाता है ।

शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता नियमावली के अन्तर्गत प्रवेश शुल्क प्राप्त किया जाता है। प्रवेश शुल्क विद्यार्थियों से नहीं लिया जाता है, जिस शाला का विद्यार्थी प्रतियोगिता में सम्मिलित होता है, उसी शाला को निर्धारित दर पर प्रवेश शुल्क देय होता है। प्रवेश शुल्क की दर निम्नानुसार है :–

	छात्र संख्या	धनराशि (रुपयों में)
1. माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	100 या कम	5
2. माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	100 से 200	8
3. माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	200 से 300	10
4. माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	350 से ऊपर	15
5. उच्चतर माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	100 तक	10
6. उच्चतर माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	100 से 250	15
7. उच्चतर माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	250 से 500	25
8. उच्चतर माध्यमिक शाला में दर्ज छात्र संख्या	500 से ऊपर	50

माध्यमिक शालाओं से प्रवेश शुल्क जिलास्तरीय प्रतियोगिता समिति वसूल करती है। कुल प्राप्त धन में से 25 प्रतिशत धनराशि संभागीय प्रतियोगिता समिति भेजती है। शेष धनराशि का उपयोग जिला प्रतियोगिता के लिये होता है।

उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से संभागीय क्रीड़ा प्रतियोगिता समिति प्रवेश शुल्क प्राप्त करती है। कुल प्राप्त धनराशि का 30 प्रतिशत राज्यस्तरीय प्रतियोगिता समिति को संभागीय समिति धन भेजती है ।

राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में प्रवेश. दल की विभिन्न खेलों में अर्जित उपलब्धि

राष्ट्रीय प्रतियोगिता	खेल / क्रीड़ा का नाम	प्रतियोगिता में प्राप्त स्थान	प्राप्त पदक का प्रकार
1	2	3	4
20 वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता यात्री आगरा (उ. प्र.)	1 हाकी (बालक)	संयुक्त विजेता	स्वर्ण पदक
	2 हाकी (बालिका)	तृतीय स्थान	कास्य पदक
	3 खो–खो (बालिका)	प्रथम स्थान	स्वर्ण पदक
	4 टेबिल टेनिस (बालिका)	चतुर्थ स्थान	..
	5 तैराकी (बालक)		
	200 मी. फ्री स्टाइल वीरेन्द्र चौहान	तृतीय ,,	कास्य पदक
	400 मी. फ्री स्टाइल वीरेन्द्र चौहान	द्वितीय ,,	कास्य पदक
	800 मी. फ्री स्टाइल वीरेन्द्र चौहान	तृतीय ,,	कास्य पदक
20वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता भाग 2 (शीतकालीन) इम्फाल (माठीपुर) 27–2–75 से 3–3–75	1. बास्केट बाल (बालक)	द्वितीय स्थान	रजत पदक
	2. जिम्नास्टिक (बालक)	पंचम स्थान	..
	3. बास्केट बाल (बालक)	द्वितीय स्थान	रजत पदक
	4. जिम्नास्टिक (बालिका)	छटवां स्थान	..
	5. बैडमिन्टन (बालिका)	प्रथम स्थान	स्वर्ण पदक
	6. एथेलैटिक्स (बालक)		
	(सीनियर) 1. ऊंची कूद ब्रिजेन्द्र	द्वितीय स्थान	रजत पदक
	2. 110 मी. बाधादौड़ पी. दास	द्वितीय ,,	रजत पदक
	3. 4X400 मी. टिलेदौड़	तृतीय ,,	कास्य पदक
	(जूनियर) 4. 400 मी. दौड़ कवीन्द्र	तृतीय ,,	कास्य पदक
	5. 300 मी. दौड़ नरेन्द्र	तृतीय ,,	कास्य पदक
	6. ऊंची कूद सुरेन्द्रसिंह	तृतीय ,,	कास्य पदक
	7. चक्र फैंक दारासिंह	प्रथम ,,	स्वर्ण पदक
	8. एथेलैटिक्स (बालिका)		
	(सीनियर) 1. 800 मी. दौड़ कु. उज्वला	द्वितीय ,,	रजत पदक
	2. 100 मी. बाधा दौड़ कु. स्नेहलता	तृतीय ,,	कास्य पदक
	3. 800 मी दौड़ कु. सुषमा	तृतीय ,,	कास्य पदक

राज्य के व्यायाम निर्देशकों की जानकारी

क्रमांक	पद	वेतनमान	संख्या	प्रशिक्षित व्यायाम निर्देशकों की संख्या	प्रशिक्षित व्यायाम निर्देशकों का प्रतिशत
1	2	3	4	5	6
1.	व्यायाम निर्देशक तात्याटोपे महाविद्यालय, शिवपुरी	रु. 280–480	4	4	शत प्रतिशत
2.	व्यायाम निर्देशक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	रु. 280–480	24	24	,,
3.	व्यायाम निर्देशक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय	रु. 220–375	668	668	,,
4.	व्यायाम निर्देशक	रु. 220–375	36	36	,,
	योग		732	732	

व्यायाम निर्देशकों का वेतनमान एवं योग्यता के आधार पर वर्गीकरण

क्रमांक	वेतनमान	संख्या	योग्यता
1	2	3	4
1.	रु. 280-10-350-12½-400-ई. बी.-20-480	28	शारीरिक शिक्षा में उपाधि अथवा डिप्लोमा परीक्षा उत्तीर्ण।
2.	रु. 220-5-240-6-270-10-300ई. बी. 10-350-12½-375	704	शारीरिक शिक्षा में प्रमाणपत्र परीक्षा उत्तीर्ण।
	योग	732	

राज्य की शासकीय उच्चतर माध्यमिक शालाओं में उपलब्ध क्रीड़ांगणों की जानकारी

